an>

Title: Need to declare certain state roads in Tripura as National Highways -laid.

सुश्री प्रतिमा भौमिक (त्रिपुरा पश्चिम): मैं माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री का ध्यान त्रिपुरा राज्य द्वारा राज्य की कुछ सड़कों/मार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग घोषित करने की मांग की ओर दिलाना चाहती हूं। राज्य सरकार द्वारा वर्ष **2017** में केन्द्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय से त्रिपुरा की **6** सड़कों/मार्गों को राष्टीय राजमार्ग घोषित करने का आग्रह किया गया था परन्तु अभी तक केन्द्र सरकार द्वारा इस दिशा में कोई कार्य नहीं किया गया है। अतः मेरा माननीय मंत्री से आग्रह है कि त्रिपुरा राज्य द्वारा की मांग की ओर ध्यान देते हुए इन सभी मार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की कृपा करें।